भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
01.12.2021 के
अतारांकित प्रश्न सं. 646 का उत्तर

असम में नई रेल लाइन

646. श्री तपन कुमार गोगोई:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या रेलवे असम में हिलघाट से गोलाघाट और शिव सागर से जोरहाट तक नई रेल लाइन की योजना बना रहा है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): सलोना (सिलघाट के निकट) से खुमताई (गोलाघाट के निकट) नई लाइन परियोजना (99 किमी) को अपेक्षित सरकारी अनुमोदनों के अध्यधीन बजट में शामिल किया गया है। इस नई लाइन परियोजना का अंतिम स्थान निर्धारण सर्वेक्षण (एफएलएस) पूरा कर लिया गया है और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट की तैयारी अग्रिम चरण में है।

शिवसागर से जोरहाट नई लाइन परियोजना (62 किमी) को अपेक्षित सरकारी अनुमोदनों के अध्यधीन बजट में शामिल किया गया है। इस नई लाइन परियोजना का अंतिम स्थान निर्धारण सर्वेक्षण (एफएलएस) पूरा कर लिया गया है और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट की तैयारी अग्रिम चरण में है।

******